शास0 बाला साहेब देशपाण्डे महाविद्यालय कुनकुरी में ''पुस्तकालय विज्ञान दिवस'' मनाया गया।

12 अगस्त को डॉ. सियाली रामामृत रंगानंथन के जन्म दिवस के दिन भारत में राष्ट्रीय स्तर पर पुस्तकालय दिवस मनाया जाता है। इन्हें फादर ऑफ लाइब्रेरी के नाम से जाना जाता है। महाविद्यालय में कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. एस.आर. रंगानंथन के छाया चित्र पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनायक साय द्वारा द्विप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर प्रारम्भ किया गया। सुश्री अरूणा देवी ग्रन्थपाल ने डॉ. एस.आर. रंगानंथन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पुस्तकालय के पाँच नियमों पर अवगत कराया गया। 1. पुस्तकें उपयोग के लिए है। 2. प्रत्येक पाठक को उसका पुस्तक मिलना चाहिए। 3. प्रत्येक पुस्तक को उसका पाठक मिलना चाहिए। 4. पाठक के समय की बचत होनी चाहिए। 5. पुस्तकालय एक वर्धनशील संस्था है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनायक साय ने अपने अर्शीवचनों में पुस्तकालय का उपयोग ज्ञान प्राप्त करने पुस्तकालय में पढ़ने का कोई निश्चित निर्धारित समय न होना एवं पुस्तकालय का प्रयोग नहीं करने पर अन्य लोगों से काफी पीछे होना पड़ता है कहा। कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो. डॉ. आर.पी.एस. धुर्वे ने पुस्तकालय की परम्परा मौखिक परम्परा से आगे बढ़कर पुस्तकालय के महत्व पर प्रकाश डाला। सहायक प्राध्यापक सुशील एक्का ने जितना अधिक पुस्तक का अध्ययन करेंगे। उतना ही अधिक ज्ञान का दायरा अधिक से अधिक बढ़ता जायेगा और डॉ. शिवनाथ एक्का ने कहा कि पुस्तक से दूरी होने के कारण परिणामों में असफलता प्राप्त होती है। साथ ही सहायक प्राध्यापक श्रीमती ममता देवी, निलेश कुमार धलेन्द्र अन्य प्राध्यापकगण और महाविद्यालय के बी.ए., बी.कॉम, बी.एस.सी. एवं एम.ए. भूगोल के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

OPPO A96
2023.08.12 14:03

राष्ट्रीय सेवा योजना
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर
शासकीय बाला साहेब देशपाण्डे महाविद्यालय कुनकुरी
GPS Map Camera
Google
Jashpur, Chhattisgarh, India
Saliatoli,, QX59+MC3, Chhattisgarh 496225, India
Lat 22.759192°
Long 83.968689°
12/08/23 01:27 PM GMT +05:30

GPS Map Camera
Google
Jashpur, Chhattisgarh, India
Saliatoli,, QX59+MC3, Chhattisgarh 496225, India
Lat 22.759203°
Long 83.96873°
12/08/23 01:29 PM GMT +05:30